# न्यायालय अतिरिक्त कलक्टर, चित्तौड़गढ़ जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)

**पीठासीन अधिकारी– रतन कुमार (आर.ए.एस.)**

| प्रकरण संख्या 017/2019 (GCMS 2019/00073) | दायर दिनांक 14.08.2019 | निर्णय दिनांक 17.02.2021 |
|---|---|---|

**अनवान**

माधवलाल पिता रूपलाल जाति जटिया उम्र बालिग निवासी बॉण्ड उर्फ बुल तहसील भूपालसागर जिला चित्तौड़गढ़ मो0 800365820

**अपीलान्ट**

**बनाम**

सरकार जरिये तहसीलदार भूपालसागर तहसील भूपालसागर जिला चित्तौड़गढ़।

**रेस्पोंडेंट**

**–:: प्रथम अपील विरूद्ध निर्णय श्री तहसीलदार साहब भूपालसागर जिला चित्तौड़गढ़ मु0 नं0 001/2019 फै0ता0 04.07.2019 अंतर्गत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 ::–**

उपस्थिति :– श्री राजेन्द्र राजौरा — अधिवक्ता अपीलांट
श्री भैरूलाल सालवी — राजकीय अधिवक्ता

**–:: निर्णय ::–**

प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि अपीलांट ने अपील विरूद्ध रेस्पोंडेंट के प्रस्तुत कर निवेदन किया कि यह कि अधीनस्थ न्यायालय रेस्पोडेन्ट द्वारा ग्राम बुल तहसील भूपालसागर कि नवीन आराजी नंबर 1190 रकबा 0.02 हैक्टर पर अपीलांट का अतिक्रमण होना बताकर धारा 91 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट के तहत विधिवत प्रोपर नोटिस तामिल कराये बिना एक तरफा कार्यवाही कर अपीलांट को तारीख 04.07.2019 को विवादित आराजी से बेदखली एवं पेनल्टी का पारित कर दिया जिससे दुखित होकर यह अपील प्रस्तुत कि गई है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा बेदखली एवं पेनल्टी का आदेश न्याय नियमो के विपरित होने से निरस्त योग्य है। अधीनस्थ न्यायालय ने बेदखली, पेनल्टी का आदेश करने से पूर्व अपीलांट को मिसल नम्बर 46/2019 का नोटिस जारी कर पेशी तारीख 11.07.2019 को उपस्थित होने हेतु जारी किया वह नोटिस तारीख पेश निकलने के बाद रेस्पोडेन्ट के अधीन राजस्व कर्मचारियो द्वारा तारीख 21.07.2019 को लाकर नोटिस दिया जिस पर अपीलांट तारीख 22.07.2019 को अधीनस्थ न्यायालय में अपना जवाब लेकर गया व पेश करने लगा तो तहसीलदार साहब ने बताया कि इस पत्रावली का निस्तारण तारीख 04.07.2019 को हो

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.02.20 19:29:03 IST
Reason: SelfAttested
सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

गया है, इस निर्णय की नकल तारीख 06.08.2019 को प्राप्त करने पर पता चला कि यह निर्णय मिसल नम्बर 1/2019 के तहत दिनांक 04.07.2019 को अपीलांट कि अनुपस्थित दर्ज कर पारित किया गया है जबकि अपीलांट को मिसल नम्बर 1/2019 का कोई नोटिस अपीलांट पर तामिल नहीं हुआ तथा अपीलांट को इस गलती का पता चलने पर अपीलांट ने तहसीलदार साहब को बताया तो उन्होने आनन–फानन मे मुझ अपीलांट को जारी मिसल नम्बर 46/2019 के नोटिस पर 21.07.2019 को काट कर तारीख 01.07.2019 अंकित कर दिया जबकि नोटिस जारी होने कि दिनांक 04.07.2019 अंकित रह गई जिससे भी स्पष्ट है कि अधीनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी जी ने कानुनी प्रावधानो कि पालना नही कि और बेंदखली एवं पेनल्टी का आदेश करने मे भारी कानुनी भुल की है। अधीनस्थ न्यायालय ने बेदखली आदेश दिनांक 04.07.2019 मे नवीन आराजी नंबर 1190 रकबा 0.02 हैक्टर, चारागाह सरकारी भूमि पर अपीलांट का विधि विपरित तरीके से एवं सुनवाई, साक्ष्य सबुत का मौका दिये बिना एवं मौके कि एवं रेकार्ड कि सही जॉच किये बिना गलत आदेश पारित कर दिया। जबकि विवादित आराजी का रकबा हल्के आबादी के मध्य आबादी की भूमि पर स्थित है जिस बारे में ग्राम पंचायत बुल तहसील भूपालसागर द्वारा अपीलांट के पिता स्व. रुपलाल पिता गोपीलाल चमार के नाम पर मिसल संख्या 2 सन 81,82 पट्टा कमांक 2061 के जरिये दिनांक 07.11.1981 से पट्टा जारी कर रखा है तथा पटटे शुदा भूखण्ड के पडौस पूर्व – निर्भय सिंह का मकान, पश्चिम – भोपाल सिंह का भुखण्ड, उत्तर – भूपालसागर से रोलिया राडक, दक्षिण – सरकारी पडत भूमि है। जिसकी साईज 45 बाई 30 वर्गफीट है, जिस पर पट्टा मिलने के बाद अपीलांट के पिता रुपलाल ने भूखण्ड के चारो तरफ बाउण्ड्रीवाल बनाकर कच्चा मकान बना रखा था, लेकिन अपीलांट के पिता कि मृत्यु होने के बाद परिवार कि आर्थिक स्थित ठीक नही होने से रिपेयरिंग नही करा पाये जिस कारण 18.06.2019 को भारी बारीश होने से कच्चा मकान क्षति ग्रस्त होकर गिर गया, जिसे पुनः निर्माण करने हेतु अपीलांट की माता केसी बाई ने निर्माण चालु किया तो अपीलांट से रंजिश रखने वाले कुछ लोगों ने तहसीलदार साहब को शिकायत कर दी, जिस पर तहसीलदार साहब राजनैतिक प्रभाव मे आकर अपीलांट कि माता द्वारा किये जाने वाले निर्माण को रुकवाने पर उतारु हुए और अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष राजस्व रेकार्ड कि सही जांच किये बिना जबरन निर्माण रुकवाने पर एवं बेदखली करने पर उतारु हुए जिस पर अपीलांट कि माता ने तारीख 29.07.2019 को श्री सिविल न्यायालय कपासन के समक्ष स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वाद पत्र एवं मि.न. /19 सी.एम के जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया जिसमे तामिले होकर जवाब हेतु पेशी नियत है, जिससे भी मामला सबज्युडीश है, जिससे भी अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश निरस्त योग्य है। विवादित आराजी के बारे मे राजस्व रेकार्ड की स्थिति इस प्रकार है कि विवादित आराजी के

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.02.20 19:29:03 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

नवीन आराजी नंबर 1190 कुल रकबा 0.95 हैक्टर है, जिसके सेटलमेन्ट से पूर्व पुराने आराजी नंबर 655/1 किस्म बिलानाम आबादी दर्ज तथा अपीलांट के पिता रुपलाल को हल्के आबादी में होने के कारण भी उक्त आराजी नंबर 1190 मे से रकबा 0.02 हैक्टर, पर ग्राम पंचायत बुल द्वारा मि.न. 2 के जरिये पटटा सं. 2061 दिनांक 07.11.1981 को जारी किया गया जिसके बाद अपीलांट के पिता कि मृत्यु होने पर अपीलांट कि माता केसी बाई का कब्जा होकर केसी बाई ने मकान बारिश में गिर जाने से निर्माण चालु किया जिससे अपीलांट ने कोई अतिक्रमण नही किया, न निर्माण किया है फिर भी अधीनस्थ न्यायालय द्वारा मुझ अपीलांट के विरुद्ध बेदखली एंव पेनल्टी का आदेश जारी करने में भारी अवैधानिकता की है। अन्य उजर वक्त बहस अर्ज करेंगे। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट को नोटिस दिनांक 11.07.2019 की पेशी का जारी किया जिसका नोटिस अपीलांट को दिनांक 21.07.2019 को लाकर तामिल कराया जिस पर अपीलांट जवाब लेकर 22.07.2019 को लेकर न्यायालय मे गया तो बताया गया कि प्रकरण का फैसला दिनांक 04.07.2019 को हो गया है जिस पर अपीलांट मे नकल निर्णय लेने हेतु वकील नियुक्त कर तारीख 29.07.2019 को आवेदन पेश किया जिस पर अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय कि प्रति अपीलांट को तारीख 06.08.2019 को प्राप्त हुई है। जिस पर अपील करने के खर्चे कि व्यवस्था कर कानुनी राय लेकर यह अपील जानकारी दिनांक से अन्दर मयाद पेश है, तथा डिले–कण्डोन हेतु अलग से दफा 5 कानुनी मयाद का प्रार्थना पत्र मय शपथ पत्र पेश है। अतः में अपीलांट द्वारा प्रार्थना की गई कि अपीलांट द्वारा प्रस्तुत यह अपील स्वीकार फरमाई जाकर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक 04.07.2019 को खारिज फरमाया जावे एवं अन्य उचित दाद दिलाई जावे। अपील अपीलांट के साथ अपीलांट द्वारा प्रार्थना पत्र दफा 5 कानुन मयाद अधिनियम के पेश कर निवेदन किया कि अधीनस्थ न्यायाल द्वारा एक तरफा निर्णय दिया जिससे अपीलांट को समय पर जानकारी नहीं हो पाई लेकिन अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलांट को नोटिस दिनांक 11.07.2019 की पेशी का जारी किया जिसका नोटिस अपीलांट को दिनांक 21.07.2019 को लाकर तामिल कराया जिस पर अपीलांट जवाब लेकर 22.07.2019 को लेकर न्यायालय में गया तो बताया गया कि प्रकरण का फैसला दिनांक 04.07.2019 को हो गया है जिस पर अपीलांट मे नकल निर्णय लेने हेतू वकील नियुक्त कर तारीख 29.07.2019 को आवेदन पेश किया जिस पर अधीनस्थ न्यायालय के निर्णय कि प्रति अपीलांट को तारीख 06.08.2019 को प्राप्त हुई है। जिस पर अपील करने के खर्चे कि व्यवस्था कर कानुनी राय लेकर यह अपील जानकारी दिनांक से अन्दर मयाद पेश है। जिससे अगर उक्त अवधि को डिले–कण्डोन नहीं किया गया तो अपीलांट का अपील उद्देश्य व्यर्थ हो जायेगा और अपीलांट के विरुद्ध बेदखली कार्यवाही होने से भारी परेशानी बढ़ जायेगी जिससे भी अपील प्रस्तुत करने मे हुई देरी को क्षम्य किया जाना न्यायोचित हैं। अतः प्रार्थना है

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.02.20 19:29:03 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील प्रस्तुत करने मे हुई देरी को क्षम्य किया जाना न्यायोचित हैं। इसी ईश्तदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता अपीलांट ने अपनी बहस प्रार्थना पत्र समाप्त की।

हमने पत्रावली को अवलोकन किया। मियाद प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रस्तुत शपथ पत्र का अवलोकन किया। उभयपक्ष द्वारा की गई बहस मियाद प्रार्थना पत्र का मनन किया। प्रकरण जायदाद से संबंधित से ऐसी स्थिति में प्रकरण को गुणावगुण पर निर्णित किया जाना ही उचित प्रतीत होता है, ऐसी स्थिति में अपील प्रस्तुती के हुये विलम्ब को क्षम्य किया जाता है, एवं अपील अपीलांट अन्दर अवधि शुमार की जाती है।

इसके पश्चात् उभयपक्ष अधिवक्तागण द्वारा की गई बहस अपील को उभयपक्ष सुना गया। विद्वान अधिवक्ता अपीलांट ने अपील मेमों में वर्णित तथ्यों को दोहराया एवं बताया कि अधीनस्थ न्यायालय रेस्पोडेन्ट द्वारा ग्राम बुल तहसील भूपालसागर कि नवीन आराजी नंबर 1190 रकबा 0.02 हैक्टर पर अपीलांट का अतिक्रमण होना बताकर धारा 91 लेण्ड रेवेन्यू एक्ट के तहत विधिवत प्रोपर नोटिस तामिल कराये बिना एक तरफा कार्यवाही कर अपीलांट को तारीख 04.07.2019 को विवादित आराजी से बेदखली एवं पेनल्टी का पारित कर दिया। अधीनस्थ न्यायालय ने बेदखली, पेनल्टी का आदेश करने से पूर्व अपीलांट को मिसल नम्बर 46/2019 का नोटिस जारी कर पेशी तारीख 11.07.2019 को उपस्थित होने हेतु जारी किया वह नोटिस तारीख पेश निकलने के बाद रेस्पोडेन्ट के अधीन राजस्व कर्मचारियो द्वारा तारीख 21.07.2019 को लाकर नोटिस दिया जिस पर अपीलांट तारीख 22.07.2019 को अधीनस्थ न्यायालय में अपना जवाब लेकर गया व पेश करने लगा तो तहसीलदार साहब ने बताया कि इस पत्रावली का निस्तारण तारीख 04.07.2019 को हो गया हैं, इस निर्णय की नकल तारीख 06.08.2019 को प्राप्त करने पर पता चला कि यह निर्णय मिसल नम्बर 1/2019 के तहत दिनांक 04.07.2019 को अपीलांट कि अनुपस्थित दर्ज कर पारित किया गया हैं जबकि अपीलांट को मिसल नम्बर 1/2019 का कोई नोटिस अपीलांट पर तामिल नहीं हुआ। अपीलांट ने तहसीलदार साहब को बताया तो उन्होने आनन–फानन मे मुझ अपीलांट को जारी मिसल नम्बर 46/2019 के नोटिस पर 21.07.2019 को काट कर तारीख 01.07.2019 अंकित कर दिया जबकि नोटिस जारी होने कि दिनांक 04.07.2019 अंकित रह गई जिससे भी स्पष्ट है कि अधीनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी जी ने कानुनी प्रावधानो कि पालना नही कि और बेंदखली एवं पेनल्टी का आदेश करने मे भारी कानुनी भुल की हैं। विवादित आराजी का रकबा हल्के आबादी के मध्य आबादी की भूमि पर स्थित है जिस बारे में ग्राम पंचायत बुल तहसील भूपालसागर द्वारा अपीलांट के पिता स्व. रुपलाल पिता गोपीलाल चमार के नाम पर मिसल संख्या 2 सन 81,82 पटटा कमांक 2061 के जरिये दिनांक 07.11.1981 से पट्टा जारी कर रखा है तथा पटटे शुदा भूखण्ड के पडौस पूर्व – निर्भय सिंह

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.02.20 19:29:03 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

का मकान, पश्चिम – भोपाल सिंह का भुखण्ड, उत्तर – भूपालसागर से रोलिया राडक, दक्षिण – सरकारी पडत भूमि है। जिसकी साईज 45 बाई 30 वर्गफीट है, जिस पर पट्टा मिलने के बाद अपीलांट के पिता रुपलाल ने भूखण्ड के चारो तरफ बाउण्ड्रीवाल बनाकर कच्चा मकान बना रखा था। दिनांक 18.06.2019 को भारी बारीश होने से कच्चा मकान क्षति ग्रस्त होकर गिर गया, जिसे पुनः निर्माण करने हेतु अपीलांट की माता केसी बाई ने निर्माण चालु किया तो अपीलांट से रंजिश रखने वाले कुछ लोगों ने तहसीलदार साहब को शिकायत कर दी, जिस पर तहसीलदार साहब राजनैतिक प्रभाव मे आकर अपीलांट कि माता द्वारा किये जाने वाले निर्माण को रूकवाने पर उतारु हुए और अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष राजस्व रेकार्ड कि सही जांच किये बिना जबरन निर्माण रुकवाने पर एवं बेदखली करने पर उतारु हैं। अपीलांट कि माता ने तारीख 29.07.2019 को श्री सिविल न्यायालय कपासन के समक्ष स्थाई निषेधाज्ञा हेतु वाद पत्र एवं मि.न. /19 सी.एम के जरिये अस्थाई निषेधाज्ञा हेतू प्रार्थना पत्र पेश किया जिसमे तामिले होकर जवाब हेतु पेशी नियत है, जिससे भी मामला सबज्युडीश इसके जवाब में राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस में बताया कि विवादित आराजीयात किस्म चरागाह दर्ज अभिलिखति है एवं अपीलांट का कब्जा चरागाह भूमि पर होने से नियमन की पात्रता नहीं रखती है, जिससे अपीलांट की अपील सारहीन होकर खारीज किये जाने योग्य है। प्रचलित नियमों के अनुसार चरागाह की भूमि आवंटन/नियमन योग्य नही है। चरागाह की भूमि पशुओं की चराई के लिये आरक्षित होती है, जिस पर अतिक्रमण पाये जाने पर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिये। चरागाह भूमि पर अतिक्रमण को प्रोत्साहन नहीं दिया जा सकता है। अतः तहसीलदार, भूपालसागर के निर्णय में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की गुंजाईश नहीं होने से अपील अपीलांट खारिज किये जाने योग्य है। इसी ईश्तदुआ के साथ विद्वान राजकीय अधिवक्ता ने अपनी बहस समाप्त की। बहस के रिवटल में विद्वान अधिवक्ता ने निवेदन किया है कि विवादित आराजी के बारे मे राजस्व रेकार्ड की स्थिति इस प्रकार है कि विवादित आराजी के नवीन आराजी नंबर 1190 कुल रकबा 0.95 हैक्टर है, जिसके सेटलमेन्ट से पूर्व पुराने आराजी नंबर 655/1 किस्म बिलानाम आबादी दर्ज तथा अपीलांट के पिता रुपलाल को हल्के आबादी में होने के कारण भी उक्त आराजी नंबर 1190 मे से रकबा 0.02 हैक्टर, पर ग्राम पंचायत बुल द्वारा मि.न. 2 के जरिये पटटा सं. 2061 दिनांक 07.11.1981 को जारी किया गया जिसके बाद अपीलांट के पिता कि मृत्यु होने पर अपीलांट कि माता केसी बाई का कब्जा होकर केसी बाई ने मकान बारिश में गिर जाने से निर्माण चालु किया जिससे अपीलांट ने कोई अतिक्रमण नही किया, न निर्माण किया है फिर भी अधीनस्थ न्यायालय द्वारा मुझ अपीलांट के विरूद्ध बेदखली एंव पेनल्टी का आदेश जारी करने में भारी अवैधानिकता की है, अतः अपील अपीलांट स्वीकार फरमाई जावें। इसी ईश्तुदुआ के साथ विद्वान अधिवक्ता अपीलांट ने बहस पत्रावली समाप्त की। विद्वान अधिवक्ता अपीलांट ने

Signature Not Verified

Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.02.20 19:29:03 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

